छिंदवाड़ा | गुरुवार | 03 अक्टूबर 2024 | वर्ष 24 | अंक 192 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से

## आज शैलपुत्री की पूजा



**उज्जैन.** उज्जैन के ज्योतिर्विद पं अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार इस बार चतुर्थी तिथि की वृद्धि तथा नवमी तिथि का क्षय होने पर भी पूरा पक्ष 15 और नवरात्र नौ दिनों की होगी. भक्तजन नौ दिन पाठ करेंगे. परंतु, 10 अक्टूबर को आतर है. 11 अक्टूबर को महाअष्टमी और नवमी की पूजा होगी. **घट स्थापना कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त प्रात:** 06:24 से 07:24 कन्या लग्न चोघडिया शुभ . दोपहर 11:55 से 12:41 लाभ का चोघडिया ( नवरात्रि के नौ दिन मां भवानी के नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है.)

## बापू का जीवन लोगों के लिए प्रेरणास्रोत : मोदी

**नई दिल्ली.** महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है. इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी समेत तमाम नेताओं ने राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. पीएम ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी का योगदान कभी नहीं भूला जा सकता. वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी राजघाट पर महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. पूज्य बापू का जीवन और सत्य, सद्भाव और समानता पर आधारित आदर्श हमेशा देश के लोगों के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे.

# आतंकियों की धमकी

## महाकाल सहित कई स्टेशनों को उड़ाने की बात

**उज्जैन, 2 अक्टूबर. राजस्थान में हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन पर मिले एक पत्र के कारण अब हड़कंप मच गया. जिसमें उज्जैन के महाकाल मंदिर सहित कई रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. इस पत्र को लिखने वालों में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का नाम लिखा है. इस घटना के बाद उज्जैन में भी पुलिस अलर्ट हो गई और सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई है.**

राजस्थान के हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को एक पत्र मिला था, जिसमें दो नवंबर को उज्जैन के महाकाल मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. इसके साथ ही जयपुर, उदयपुर,



बूंदी, कोटा, बीकानेर, जोधपुर, हनुमानगढ़ और गंगानगर रेलवे स्टेशनों को 30 अक्तूबर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है.

हनुमानगढ़ स्टेशन मास्टर को भेजे गए पत्र में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का नाम लिखा हुआ है. यह पत्र डाक के जरिए भेजा गया है. स्टेशन मास्टर ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी. पुलिस ने स्टेशन पहुंचकर पत्र की जांच की और इसकी जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दी. पत्र मिलने के बाद से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं. राजस्थान के हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन पर मिले पत्र के बाद उज्जैन पुलिस भी अलर्ट पर है. उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि इस प्रकार का धमकी भरा पत्र मिलने के बाद पुलिस अलर्ट पर है. वैसे तो महाकाल मंदिर में रोज बम स्क्वॉड की टीम जांच करती है और यहां मंदिर के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर भी लगाए हैं. लेकिन फिर भी हम पूरी तरह सतर्कता बरत रहे हैं.

## 2000 करोड़ कीमत की अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़

**नयी दिल्ली, 02 अक्टूबर ( वार्ता )** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ तथा 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन जप्त करने का दावा किया. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) प्रमोद सिंह कुशवाह ने यहां संवाददाताओं को बताया कि दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ की टीम ने दक्षिण दिल्ली के महरौली से चार लोगों को पकड़ा और 562 किलोग्राम से अधिक वजन की खेप जप्त की जिसकी अनुमानित कीमत 2,000 करोड़ रुपये से अधिक है. पुलिस ने उनके कब्जे से 40 किलोग्राम मारिजुआना भी जब्त किया, जिसकी कीमत 50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम है तथा करीब 50 लाख खुराक के बराबर है. विशेष प्रकोष्ठ दो महीने से अधिक समय से काम कर रही थी.


# ओलंपिक विजेता को एक-एक करोड़

- खिलाड़ी करें पदक की तैयारी, आप की चिन्ता मेरी : सीएम
- 18 विक्रम अवार्डी को मिले शासकीय सेवा के नियुक्ति-पत्र

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 2 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को पेरिस ओलम्पिक और पैरालम्पिक खिलाड़ियों से कहा कि आप अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतने की तैयारी करें, आगे की चिन्ता हम करेंगे.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को टीटी नगर स्टेडियम में पेरिस ओलम्पिक एवं पैरालम्पिक-2024 के चैम्पियन खिलाड़ियों को सम्मान राशि एवं शासकीय सेवा में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने ओलम्पिक में इटारसी के एक छोटे से गांव चांदोन के विवेक सागर के भारतीय हॉकी का गौरव



लौटाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पूरा प्रदेश विश्व में गौरवान्वित किया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 3 खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ और 3 खिलाड़ियों को 10-10 लाख, एक खिलाड़ी को तीन लाख रूपए और एक को दो लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि के चैक प्रदान किए. इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, विधायक भगवानदास सबनानी, अपर मुख्य सचिव खेल स्मिता भारद्वाज समेत खिलाड़ी और उनके अभिभावक उपस्थित रहे. इस मौके पर मंत्री सारंग ने कहा कि मैदान में उतरने वाला खिलाड़ी किस स्तर का बनेगा, यह नहीं कहा जा सकता परंतु यह सुनिश्चित है कि खेलों से जुड़ने वाला हर खिलाड़ी एक सभ्य, अनुशासित नागरिक जरूर बनेगा.

शेष पेज 4 पर देखें...

# हेलीकॉप्टर क्रैश में 3 की मौत

## पुणे जिले के बावधन में सुबह 6.45 बजे हुआ हादसा

**पुणे, 2 अक्टूबर. महाराष्ट्र के पुणे जिले के बावधन में बुधवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया. इसमें दो पायलट और एक इंजीनियर सवार थे. तीनों की मौत हो गई. घटना बावधन में केके कंस्ट्रक्शन हिल के पास सुबह करीब 6:45 बजे हुई.**

पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ के डीसीपी विशाल गायकवाड़ ने बताया कि हेलिकॉप्टर ने ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के हेलिपैड से मुंबई के जुहू के लिए उड़ान भरी थी. करीब 10 मिनट बाद 1.5 किमी दूर जाकर हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया. वहां सुबह के समय घना कोहरा था.



क्रैश होने के बाद हेलिकॉप्टर में आग लग गई. पुणे चीफ फायर ऑफिसर देवेन्द्र प्रभाकर पोटफोडे ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए दो एम्बुलेंस और चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं. हेलिकॉप्टर हेरिटेज एविएशन नाम की प्राइवेट कंपनी का था. दोनों पायलट और इंजीनियर की पहचान अभी नहीं हो सकी है.

# कांग्रेस ने आदिवासियों की पहचान मिटाई

- पीएम मोदी ने कांग्रेस और सोरेन पर बोला हमला
- झारखंड में पेपर लीक कराने वाले गिरोह चल रहे हैं

**रांची, 02अक्टूबर ( वार्ता ) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कहा कि कांग्रेस ने अपने एक परिवार को पहचान दिलाने के लिए देश के कोने-कोने में बसे आदिवासी परिवारों की पहचान मिटा दी.**

श्री मोदी ने बुधवार को हजारीबाग के मटवारी मैदान में भाजपा की परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में इतना बड़ा योगदान देने वाले आदिवासी



समाज को कांग्रेस ने कभी महत्व नहीं दिया. श्री मोदी ने हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हेमंत सरकार के संरक्षण में झारखंड में पेपर लीक कराने वाले गिरोह चल रहे हैं. लाखों रुपए में लेकर पेपर बेचा जा रहा है और झारखंड के युवाओं का हक मारा जा रहा है. पेपर लीक के माध्यम से करोड़ों रुपए कमाए जा रहे हैं. ये पैसे उपर बैठे उनके मालिकों तक पहुंच रहे हैं.

प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड की धरती ने जनजातीय संस्कृति को संजोया है. झारखंड के साथ भाजपा और उनका एक विशेष रिश्ता बन गया है. ये रिश्ता दिल का रिश्ता है. साझे सपनों का रिश्ता है. इसलिए झारखंड उन्हें बार-बार बुलाता है और वे बार-बार दौड़े चले आते हैं. श्री मोदी ने कहा कि आज उन्हें गर्व है कि उनकी सरकार आदिवासी नायकों को पूरा सम्मान दिला रही है. ये भाजपा है, जिसने आदिवासी म्यूजियम बनाने का अभियान शुरू किया है.रांची में भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित म्यूजियम बना है.

# 14 भूखंडों का आवंटन रद्द

## श्रीमती सिद्दारमैया के अनुरोध को मुडा ने ठुकराया

**बेंगलुरु, 02 अक्टूबर ( वार्ता ) कर्नाटक में मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण ( मुडा ) आवंटन घोटाले में बुधवार को आए एक नाटकीय मोड़ में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी के अनुरोध पर 14 विवादास्पद भूखंडों का आवंटन आधिकारिक रूप से रद्द कर दिया गया.**

एक अधिकारी ने बुधवार को यहां बताया कि मुडा ने यह आवंटन रद्द कर दिया. मुडा ने यह कदम मुख्यमंत्री की पत्नी बी एम पार्वती द्वारा विवादित भूखंडों को वापस करने के अभूतपूर्व अनुरोध के बाद उठाया है,जिससे मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर भूमि आवंटन में अनियमितताओं के आरोपों से जुड़े विवाद में नयी जान फूंकी गई है. कर्नाटक विधान परिषद के सदस्य एवं मुख्यमंत्री के बेटे डॉ. यतीन्द्र सिद्दारमैया ने मंगलवार को अपनी माँ की ओर से मुडा कार्यालय में 14 विवादित भूमि प्लॉट्स को छोड़ने की औपचारिक अर्जी दी.मुडा के आयुक्त रघुनंदन ने बिना कोई समय बर्बाद किए और मूल रूप से श्रीमती सिद्दारमैया को आवंटित भूखंडों के विक्रय पत्र को रद्द कर दिया. इसके साथ, विवादित भूमि अब मुडा के नियंत्रण में वापस आ गई है, हालांकि इस मुद्दे पर राजनीति अभी समाप्त नहीं हुई है.




72198 21111 | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | pine labs PAY LATER | HDFC BANK

*नियम और शर्तें लागू. *ऑफ़र्स केवल चुनिंदा वैरिएंट्स पर ही उपलब्ध. ऑफ़र 15 नवंबर 2024 तक ही वैध. बजाज ऑटो को पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. मॉडल पर निर्भर करते हुए ₹10,000 तक की *बचत में ₹5000* तक का कैशबैक और ₹5000* एचडीएफ़सी कार्ड कैशबैक शामिल है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है. कैशबैक ऑफ़र एचडीएफ़सी क्रेडिट कार्ड्स के ईएमआई ट्रांज़ेक्शन्स पर केवल पाइन लैब्स मशीन्स पर ही 15 अक्टूबर 2024 तक उपलब्ध है. ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म्स पर ऑफ़र्स उनके नियम और शर्तों के अधीन हैं.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Chhindwara:** SUNIL BAJAJ 222203. **7771003685, Chandangaon :7771003685 Authorised Service Centre: Amarwada** 9752860004, **Bichhua** 9425834913, **Chand 9993497596, Chourai** 9424300175, **Damua** 7389083034, **Junnardeo** 9993111502, **Pandhurana** 9424377906, **Parasia** 9993213365, **Sanwari** 9425877906, **Saunsar** 8085267303, **Umranala** 9407352208.